तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

2

कथा के चौथे दिन वामन अवतार की कथा सुनने उमड़ी श्रोताओं की भीड़



## खबर संक्षेप

### रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 तक

**कोरबा।** परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा अन्तर्गत शासकीय हाई/हायर सेकंडरी विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को 1 माह तक रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण सेवाएं देने हेतु जिले के जुड़ो, कराटे, ताईक्वाडो, किक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष प्रशिक्षकों से आवेदन मंगाया गया है। महिला प्रशिक्षकों को पहले प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक प्रशिक्षक निर्धारित प्रारूप में उक्त विधा से संबंधित वांछित दस्तावेजों के साथ जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कार्यालय में 30 अक्टूबर तक कार्यालयीन समय में आवेदन जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा से संपर्क किया जा सकता है।

### डीपीआई ने जिला शिक्षा अधिकारी को थमाया नोटिस

**कोरबा।** जिला शिक्षा अधिकारी को डीपीआई द्वारा बैठक में उपस्थित नहीं होने को लेकर नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। इस संबंध में बताया जाता है कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का क्रियान्वयन 7 दिसंबर को आयोजित किया जाना है। राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा की समीक्षा बैठक 15 अक्टूबर को आहूत की गई थी। उक्त बैठक में शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय अनुपस्थित थे। जिस मामले को नोडल अधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए नोटिस जारी करते हुए तीन दिनों में स्पष्टीकरण मांगा है।

### स्वास्थ्य केंद्र एवं शिक्षक आवास का हुआ भूमिपूजन

**कोरबा।** ग्राम अजगरबहार में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारी आवास और प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक आवास के भूमिपूजन के साथ-साथ राशनकार्ड वितरण समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह उपस्थित रहे, जिन्होंने भूमि पूजन कर विकास कार्यों की नींव रखी और ग्रामीणों के बीच सरकार की योजनाओं के प्रति विश्वास और उत्साह का संचार किया। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ हैं। जब हमारे स्वास्थ्यकर्मी और शिक्षक गांव में रहकर सेवा देंगे, तभी गांव में स्थायी विकास संभव होगा। सरकार की यह योजना ग्रामीण अंचलों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कार्यक्रम में सरपंच नारायण सिंह सोनपुरी, जनपद सदस्य रफिक, मेमन, पूर्व जनपद सदस्य थान सिंह, बहोरन सिंह, धनगांव सरपंच कलेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### बाइसगांव सतनामी समाज का बैठक संपन्न

**हरदीबाजार।** बाइस गांव सतनामी समाज की बैठक हरदीबाजार में आयोजित की गई। बैठक में बाबा गुरु घासीदास की तैल्याचित्र पर माल्यार्पण करते हुए बैठक का शुभारंभ किया। बैठक बाइसगांव सतनामी समाज के तत्वाधान में हुआ। उक्त बैठक में प्रमुख संत समाज उपस्थित थे। बैठक पर चर्चा में समाज का विकास उत्थान हेतु सभी समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा उद्बोधन हुआ। समाज में युवाओं को जोड़ने के लिए आह्वान किया गया। साथ ही साथ समाज के कुछ लोग समाज को गलत दिशा में ले जाने के एवं समाज को बदनाम करने का कार्य कर रहे हैं। उनके लिए उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करने हेतु समाज द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया। आगामी दिसंबर माह में बाबा गुरु घासीदास की जयंती कार्यक्रम मनाने के संबंध में चर्चा हुआ। बैठक में प्रमुख रूप से बाइस गांव सतनामी समाज के अध्यक्ष अशोक पाटले, बड़ागांव सतनामी समाज के अध्यक्ष समय लाल पाटले, अनिल पाटले, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अनिल टंडन, चंद्र कुमार भारतद्वाज, कृपाल चैतन्य, चैतराम बघेल, सोविंद खांडे, लालजी टंडन, श्यामलाल मधुकर, नागेंद्र चेतनप्रसाद, शत्रुघ्न लाल, मौसम भारद्वाज, पंकज समाज के सभी लोगों उपस्थित थे

# जिले के 19 धान उपार्जन केंद्रों को डाला गया संवेदनशील केंद्रों की सूची में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में 15 नवंबर से शुरु होने वाली धान खरीदी के पूर्व शासन द्वारा संवेदनशील धान उपार्जन केंद्रों की सूची तैयार की है। उक्त सूची में 19 धान उपार्जन केंद्रों को शामिल किया गया है। जहां सर्वाधिक किसानों का पंजीयन हुआ है। ऐसा पहली बार हुआ है जब अधिक पंजीयन को आधार मानते हुए संवेदनशील उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं इसके पूर्व अधिक खरीदी माना जाता था।

धान खरीदी में कसावट लाने के उद्देश्य से अपने स्तर पर कुछ उपार्जन केंद्रों को निगरानी में रखा है। ऐसे केंद्रों में मैदानी क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों के अलावा वन क्षेत्रों के उपार्जन केंद्र भी शामिल है। जहां सबसे अधिक वन अधिकार पत्रों का वितरण हुआ है। हालांकि ऐसे वन क्षेत्रों के उपार्जन केंद्रों में खरीदी मैदानी क्षेत्रों की तुलना में कम होती है। उसके बावजूद महज पंजीयन को आधार मानकर उपार्जन केंद्रों को संवेदनशील सूची में शामिल किया गया है। जिससे खरीदी के पूर्व ही उपार्जन केंद्रों में पंजीयन की स्थिति को लेकर हड़कंप मचा है। 31 अक्टूबर तक पंजीयन की तिथि तय की गई है। उसे देखते हुए यह माना जा रहा है कि किसानों के पंजीयन और अधिक बढ़ेंगे और जितने अधिक पंजीयन जिस उपार्जन केंद्र में होगा वह संवेदनशील उपार्जन केंद्र की श्रेणी में माना जाएगा। ऐसी स्थिति को देखते हुए वनांचल क्षेत्रों के उपार्जन केंद्रों में हड़कंप मचा है उनकी मानें तो पंजीयन और भी बढ़ेगा क्योंकि वन अधिकार पत्रधारियों से भी खरीदी की जा रही है।

### 15 नवंबर से होने वाली है खरीदी

**खास बातें**

- अधिक किसानों के पंजीयन को बताया जा रहा है कारण



### वन अधिकार पत्र बना सबसे बड़ा कारण

वन अधिकार पत्र पंजीयन के मामले में एक सबसे बड़ा कारण बनकर आया है। यहां ये बात सामने आयी है कि अधिकतर समितियां वन क्षेत्र में शामिल हैं जहां पूर्व में वन भूमि में खेती करने वालों का पंजीयन नहीं होता था। किंतु अब वन अधिकार पत्र ऐसे किसानों को मिलने के बाद उनका भी पंजीयन किया जा रहा है और उनसे भी धान खरीदी हो रही है। ऐसी स्थिति में वन क्षेत्र में चल रहे धान उपार्जन केंद्रों में वन अधिकार पत्रधारी किसानों की पंजीयन संख्या सामान्य किसानों से अधिक होते जा रही है। जिसकी वजह से वन क्षेत्रों के उपार्जन केंद्रों में पंजीयन का ग्राफ लगातार बढ़ते जा रहा है। यही कारण है कि उन्हें पंजीयन अधिक होने के कारण संवेदनशील सूची में शामिल कर लिया गया है।

### ये हैं संवेदनशील उपार्जन केंद्र

भैंसमा, कोरबी (पोड़ी उपरोड़ा), बरपाली (कोरबा), सिरमिना, बरपाली (बरपाली), करतला, तुमान, अखरापाली, सोनपुरी, सोहागपुर, कटघोरा, भिलाईबाजार, नोनबिर्रा, तिलकेजा, हरदीबाजार, उमरेली, दादरखुर्द, मोरगा व सुमेधा शामिल हैं। इन धान उपार्जन केंद्रों में दादर धान उपार्जन केंद्र सोनपुरी सहकारी समिति के अंतर्गत आते हैं जिसका संचालन नकटीखार स्थिति कृषि उपज मंडी परिसर में किया जा रहा है। जहां धान बेचने वाले किसानों की संख्या अपेक्षाकृत कम है लेकिन उसे भी संवेदनशील केंद्रों में शामिल किया गया है।

## कोरबा वनमंडल में गज संकेत ऐप की हुई शुरुआत

# गज संकेत ऐप से लोगों की बचेगी जान, गांव में आते ही ग्रामीणों को सीधे जाएगा फोन या मैसेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग दो दशक पूर्व कोरबा वनमंडल में हाथियों ने दस्तक दी थी लेकिन अब हाथियों ने कोरबा व कटघोरा के जंगल को अपना स्थाई ठिकाना बना लिया है। जिससे वनांचल क्षेत्र में बसने वाले लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। खासतौर पर जब फसल पककर तैयार होने वाला है तो ऐसे में हाथी किसानों की साल भर की मेहनत को चौपट करने में लगे हुए हैं लेकिन वहीं दूसरी ओर हाथी और मानव द्वंद को रोका जा सके इसके लिए वन विभाग में गज संकेतक ऐप की शुरुआत की है जिसके माध्यम से जान माल के नुकसान को रोकने की दिशा पर पहल की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल पड़ोसी जिले रायगढ़ के धरमजयगढ़ वनमंडल से सटा हुआ है। अक्सर धरमजयगढ़ वनमंडल में सबसे ज्यादा हाथियों का बसेरा रहता है और धरमजयगढ़ वनमंडल से मांड नदी को पार कर 50 से अधिक हाथी कोरबा वनमंडल के कुदमुरा, करतला वन परिक्षेत्र में अपनी दस्तक देते हैं। पिछले कई दिनों से लगभग 50 से अधिक हाथी इसी इलाके में डेरा डाले हुए हैं और किसानों की खड़ी फसलों को चट कर रहे हैं। जिसकी वजह से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। हालांकि कोई जान माल का नुकसान ना हो इसके लिए वन विभाग लगातार गांव गांव में मुनादी व ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर वन विभाग ने हाथियों की निगरानी और ग्रामीणों को तय समय के भीतर इसकी सूचना मिल सके इसके लिए कोरबा वनमंडलाधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देश पर एसडीओ आशीष खेलवार व एसडीओ एसके सोनी की टीम ने गज संकेतक ऐप के माध्यम से हाथियों की ट्रैकिंग शुरू की है। बताया जाता है कि इस ऐप के माध्यम से हाथी प्रभावित लोगों के मोबाइल नंबर को जोड़ा गया है और इसी ऐप के माध्यम से जैसे ही हाथी ग्राम के लगभग 5 किलोमीटर रेडियस में आने वाला होता है उस गांव में रहने वाले ग्रामीणों को उनके मोबाइल पर या फोन के माध्यम से सूचना दी जाती है या फिर मैसेज के माध्यम से सूचना दी जाती है कि हाथियों का झुंड या फिर हाथी उस इलाके में आसपास विचरण कर रहा है। जैसे ही ग्रामीणों को इसकी सूचना मिलती है वे सतर्क हो जाते हैं। यही वजह है कि लंबे समय से कोरबा वनमंडल में कोई बड़ी जन धन की हानि नहीं हुई है। वन विभाग की टीम अब इस गज संकेतक ऐप को धीरे-धीरे वनांचल क्षेत्र में और विस्तार रूप दे रही है ताकि अधिक से अधिक लोग इस ऐप में जुड़ सकें और हाथी अलर्ट की सूचना उन्हें तय समय के भीतर मिल सके।





इस तरह तैयार किया गया है ऐप एवं जंगल में विचरण करता हाथियों का झुण्ड।

### गज संकेत ऐप से ग्रामीणों को मिल रही है जानकारी

कोरबा वनमंडल के सभी वन परिक्षेत्र में गज संकेत ऐप के माध्यम से हाथियों को निगरानी की जा रही है। इस ऐप के माध्यम से हाथी की सूचना मोबाइल फोन पर या मैसेज के माध्यम से हाथी प्रभावित क्षेत्र के लोगों को दी जा रही है। धीरे-धीरे इस ऐप के माध्यम से अधिक से अधिक हाथी प्रभावित क्षेत्र के लोगों को जोड़ा जा रहा है और इस ऐप के बारे में बताया भी जा रहा है। **-एसके सोनी,** एसडीओ वनमंडल कोरबा

### फसल को रौंदकर बर्बाद कर रहे हाथी

कोरबा व कटघोरा वनमंडल में बड़ी संख्या में सक्रिय हाथियों का झुण्ड अन्न उत्पादकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। हाथियों का झुण्ड खेतों में पहुंचकर वहां तैयार धान की फसल को रौंदकर खलिहान में पहुंचने से पहले ही मटियामेट कर दे रहे हैं। जिससे किसान काफी परेशान हैं। उनके द्वारा फसल की सुरक्षा की गुहार लगातार लगाई जा रही है लेकिन वन विभाग हाथियों से फसल को बचाने में नाकाम हो रहा है। जिससे परेशानी और भी बढ़ जा रही है। कटघोरा वनमंडल के पचरा, पाली तथा मोरगा क्षेत्र में 54 की संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं। जिनमें से 11 का झुण्ड कोरबी क्षेत्र में धान फसल को रौंदने के बाद पाली का रूख कर लिया। जबकि पचरा क्षेत्र में मौजूद गजराजों का उत्पात जारी है। इधर कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में 52 हाथी बड़मार व रामपुर सर्किल में लगातार उत्पात मचा रहे हैं।

## पूर्व विस उपाध्यक्ष बनवारी लाल के पगड़ी रस्म कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विष्णुदेव साय

छग विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष, कटघोरा के पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व बनवारी लाल अग्रवाल के निधन पर बारहवीं एवं पगड़ी रसम कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

पगड़ी रस्म 27 अक्टूबर को दोपहर 4 बजे अग्रसेन भवन में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नागरिकजन उपस्थित होकर अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बनवारी लाल अग्रवाल का 15 अक्टूबर को निधन हो गया था। वे लंबे समय से सक्रिय जनसेवक, संगठनकर्ता और पार्टी के मार्गदर्शक के रूप में पहचाने जाते थे। उनका राजनीतिक जीवन समर्पण, सेवा और संगठन का प्रेरणादायी उदाहरण रहा है। स्व श्री अग्रवाल का जन्म 1 मई 1947 को हुआ था। उनका जन्म जिले के ग्राम जपेली में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने रायपुर विश्वविद्यालय से एमएससी, बीएड और एलएलबी की डिग्री हासिल की और वकालत को अपना पेशा बनाया। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों के लिए कार्य किया। छात्र जीवन से ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े थे। उन्होंने अपना जीवन संगठन, समाज और शिक्षा के प्रति समर्पित किया। उन्होंने शिक्षक के रूप में छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक शाला बिलासपुर और सावन पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली में अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत जनसंघ के समय में की थी। 1990 के दशक में वे बिलासपुर भाजपा कमेटी के संगठन महामंत्री बने। इसके बाद उन्होंने कोरबा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ( साड़ा) कोरबा के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। वे 1993 में पहली बार कटघोरा विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित हुए और 1998 में भी पुनः चुने गए। उन्हें छत्तीसगढ़ विधानसभा का उपाध्यक्ष बनने का अवसर भी मिला।

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 2 नवंबर को

**कोरबा।** अराधना भू-स्थापित कामगार एवं कारीगर सहकारी समिति चारपारा के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 2 नवंबर को होगा। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अराधना भू-स्थापित कामगार कारीगर सहकारी समिति मर्यादित चारपारा (कोहड़िया) पंजीयन क्रमांक 160 से प्राप्त जानकारी अनुसार समिति के सदस्यता सूची का प्रकाशन 23 अक्टूबर को किया गया है । जिसमें सदस्यों से दावा आपत्ति 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक समिति कार्यालय चारपारा कोहड़िया में प्राप्त करने हेतु सदस्य मोहनलाल को अधिकृत किया गया है।

## तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने खोला मोर्चा, सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा अध्यक्ष विनय सोनवानी ने बताया छत्तीसगढ़ प्रदेश के अधिकारी व कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र की तिथि से महंगाई भत्ता व महंगाई राहत प्राप्त नहीं हो रहा है जबकि महंगाई दर लगातार बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में कर्मचारियों को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व कर्मचारियों के मंच से तथा अपने घोषणापत्र में मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी के नाम से प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र की तिथि से महंगाई भत्ता पूर्व की एरियर्स राशि सहित देने का वादा किया था। इस सरकार का लगभग दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है किंतु महंगाई भत्ता के लिए की गई घोषणा, चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने, क्रियान्वयन तथा सातवें वेतनमान के अनुसार गृहभाड़ा भत्ता सहित अन्य भत्तों के पुनरीक्षण पर अमल नहीं किया जा रहा है। हम अभी भी केंद्रीय कर्मचारियों से 3 प्रतिशत प्रतिलाभ पीछे हैं। देश के अन्य भाजपा शासित राज्य अपने कर्मचारियों को केंद्र के समान जुलाई 2025 से महंगाई भत्ते के भुगतान का घोषणा/आदेश कर चुके हैं। इसके साथ ही हमारी सरकार ने प्रदेश के अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों को भी समिति गठित कर सौ दिनों के भीतर नियमित करने का वादा किया था, जिस पर भी निर्णय नहीं लिया गया है।छत्तीसगढ़ राज्य बनने पर प्रदेश के कर्मचारियों को उम्मीद थी कि मध्यप्रदेश से बेहतर आर्थिक स्थिति होगी लेकिन 25 साल बाद भी कर्मचारियों की आर्थिक समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। सरकार के कर्मचारियों के लिए की गई घोषणा के सभी मुद्दों को लेकर संघ एवं इस संघ से सम्बद्ध संगठनों द्वारा 29 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे प्रदेश के सभी सुविधानुसार जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।



विनय सोनवानी

## रेलवे ने थमाया नोटिस, सात दिन का दिया गया समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे भूमि किमी 705/12-16 पर निर्मित अवैध निर्माण हटाने के संबंध में नोटिस दिए जाने से इंदिरा नगर दुरपा रोड के रहवासियों में खलबली मच गई है। वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (रेलपथ) के कार्यालय द्वारा 25 अक्टूबर को जारी नोटिस में सात दिन के अंदर अवैध कब्जा हटाने का समय दिया गया है अन्यथा कब्जा हटाने की कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा उक्त नोटिस की प्रतिलिपि सहायक मंडल अभियंता, चांपा, पोस्ट प्रभारी, जिला रेल सुरक्षा बल, थाना प्रभारी कोतवाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई है। बताया जा रहा है कि रेलवे के द्वारा नया निर्माण कार्य कराया जाना है जिसके संबंध में भूमि की आवश्यकता होने के कारण स्थल खाली करने के लिए नोटिस जारी की गई है। गणेश राम, महादेव दास, अरुण सिंह, दीपक कुमार आदि सहित अन्य लोगों को नोटिस भी मिला है। इन्होंने बताया कि हम लोग वर्षों से यहां पर अपना घर-मकान बनाकर निवासरत हैं और जीवन-यापन कर रहे हैं। रेलवे के द्वारा उन्हें उजाड़ने के लिए नोटिस दे दी गई है जिसमें सिर्फ 7 दिन की मोहलत दी गई है।

**खास बात**

- दुरपा रोड, इंदिरा नगर वासियों को मिला नोटिस

## शनिवार व रविवार को आसमान में छाए रहे बादल

# दिवाली के बाद बादल छाने से बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीवाली के एक दिन पूर्व ठंड की दस्तक से ऐसा लगा था कि दीवाली के बाद ठंड की शुरुआत हो जाएगी। किंतु दीवाली के दो दिन बाद मौसम ने शुरु हुए बदलाव से एक बार फिर बारिश के आसार बढ़ गए हैं। मौसम विभाग ने भी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। आसमान में बादल छाने से तापमान में भी बढ़ोत्तरी बनी रही।

अक्सर दीवाली से ही ठंड की शुरुआत हो जाती है। अक्टूबर महीने समाप्ति होने को है और अब तक गुलाबी ठंड ने भी दस्तक नहीं दी है। दीपावली के एक दिन पूर्व से रात में ठंड की शुरुआत होने से यह एहसास होने लगा था कि जल्द ही ठंड शुरु हो जाएगी लेकिन ओडिसा के समुद्र में उठे ऊफान की वजह से मौसम में बदलाव का असर छग में असर पड़ा है। शनिवार को आसमान में बादल छाने से बारिश की संभावना बनी हुई थी। दिन भर बादल छाने से एक बार यह लगा कि देर शाम तक हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने भी इसके लिए अलर्ट जारी किया है। आने वाले दिनों में बारिश की संभावना जतायी जा रही है। मौसम के तापमान में भी वृद्धि देखी गई है। मौसम में आ रहे उतार चढ़ाव को लेकर आम लोगों के स्वास्थ्य में असर देखा गया है। उड़िसा के तटवर्ती क्षेत्रों से जब जब समुद्री हलचल पैदा हुई है उसका असर छग के मौसम में व्यापक रुप से पड़ा है। दशहरा तक जिस तरह से बारिश हुई है उससे लग रहा था कि बारिश अभी थमेगी नहीं। मौसम में अचानक बदलाव होने से दीवाली जैसा त्योहार बिना बारिश के बीत जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली थी और फिर से मौसम में आ रहे बदलाव को लेकर बारिश की संभावना जतायी जा रही है।



फाइल फोटो

## राज्य उत्सव की तैयारी जोरों पर, तीन दिवसीय होगी सांस्कृतिक संध्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती स्थापना वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्य उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में आज जिला प्रशासन की ओर से कोरबा में जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 2 से 4 नवम्बर तक होने वाली तीन दिवसीय सांस्कृतिक संध्या के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा सुझाव दिया गया कि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति और लोककला को विशेष रूप से शामिल किया जाए। स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जाए ताकि जिले की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके। साथ ही छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की स्टॉल, फूड जोन और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराने का भी प्रस्ताव रखा गया। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को आमंत्रित करने, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला और मेला लगाने, आकर्षक स्टॉल स्थापित करने तथा पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर भी चर्चा हुई। जिला प्रशासन की ओर से सभी विभागों को समन्वयपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि राज्य उत्सव के दौरान नागरिकों को एक मनमोहक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध अनुभव मिल सके। बैठक में नूतन सिंह ठाकुर, सभापति नगर पालिक निगम, पार्षद अशोक चावलानी, नरेन्द्र देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित हुए डॉ. प्रिंस कुमार सोनी एवं डॉ.नंदनी सोनी

**कोरबा।** मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के तत्वावधान में 24 अक्टूबर को भव्य रूप से आयोजित दीपावली मिलन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज द्वारा शिक्षा, सेवा और सांस्कृतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रतिभावान व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। इन्हीं में से दो विशिष्ट व्यक्तित्व डॉ.प्रिंस कुमार सोनी एवं डॉ.नंदनी सोनी को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान और समाजसेवा के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने करकमलों से दोनों विद्वानों को सम्मान-पत्र, मोमेंटो, साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष कन्हैया लाल सोनी, संरक्षक मंडल, कार्यकारिणी सदस्य, वरिष्ठजन एवं अनेक समाजबंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का संचालन सुसंस्कृत और गरिमामय वातावरण में हुआ, जहां सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।वर्तमान में डॉ.प्रिंस कुमार सोनी एवं डॉ. नंदनी सोनी, दोनों ही शासकीय महाविद्यालय में प्राध्यापक (कॉमर्स विभाग) के रूप में कार्यरत हैं और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अपना योगदान दे रहे हैं।

### जिला विधिक और आयुष विभाग ने दिया जन सेवा का नया संदेश

**कोरबा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संतोष शर्मा के निर्देशानुसार आयुष विभाग के तत्वधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले एडीआर भवन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विशेष स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य व न्यायिक जागरूकता का अनुठा संगम बी.पी, शुगर, गठियाबात, बवासीर जैसे गंभीर बिमारियों का निःशुल्क परीक्षण व परामर्श आयोजित किया गया। विशेष स्वास्थ्य शिविर ने जिले में जनसेवा की मिशाल कायम की कार्यक्रम में नागरिकों, अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मचारियों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच करायी और विधिक जागरूकता से जुडी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा ने कहा कि न्याय और स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक है जब शरीर स्वस्थ्य होता तभी नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रह सकते है। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल स्वास्थ्य परीक्षण नहीं बल्कि समाज को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम है। उक्त शिविर में बी.पी., शुगर, गठियाबात, बवासीर जैसे गंभीर बिमारियों का परीक्षण किया गया तथा विशेष चिकित्सकों ने उपचार व जीवन शैली सुधार पर मार्गदर्शन दिया। आयुष विभाग के चिकित्सक डॉ पवन मिश्रा एवं डॉ सुषमा चौहान की संयुक्त टीम ने प्राकृतिक चिकित्सा योग और औषधीय परामर्श के माध्यम से स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया।

### आरएसएस नगर में चल रही श्रीमद भावगत कथा



**कोरबा।** पंडित रविशंकर शुक्ल नगर में भूपेंद्र सिंह पंवार एवं श्रीमती विंध्यवासिनी पंवार के द्वारा संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन कराया जा रहा है। कथा 22 से 30 अक्टूबर तक प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से कथा का श्रवण कथा आचार्य पंडित जनार्दन प्रसाद दुबे के द्वारा कराया जाता हे। कथा के उप आचार्य पंडित भागवत प्रसाद दुबे हैं। श्रीमद् देवी भागवत कथा आयोजन की कड़ी में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देवीभागवत और भागवत पुराण में वर्णित कृष्ण के जन्म की कथा अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इस कथा के अनुसार, जब कंस ने देवकी की आठवीं संतान को मारने की कोशिश की, तो योगमाया देवी ने कंस के हाथों से निकलकर विंध्याचल पर्वत पर जाने का उल्लेख किया गया है। कृष्ण का जन्म भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में कंस की कारागार में हुआ था। विष्णु ने अपनी माया देवी से कहा कि वे भी कृष्ण के साथ ही यशोदा के यहां जन्म लें। जब कंस देवकी की आठवीं संतान को मारने पहुंचा, तो वह देवी थीं जो कंस के हाथ से निकलकर विंध्याचल पर्वत चली गईं।

## निधन

### लक्ष्मण सिंह



**कोरबा।** राजपूत क्षत्रीय समाज के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह का आकस्मिक निधन 21 अक्टूबर हो गया हैं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

#### आईटीआई मार्ग के ढेंगुरनाला में राखड़युक्त पानी और शहर के नालों का पानी होता है प्रवाहित

# शहर के राखड़ से प्रदूषित ढेंगुरनाला के पानी में हर वर्ष मनाया जाता है छठ पर्व



ढेंगुरनाला जहां का पानी है राखड़युक्त।



नाले का पानी ढेंगुरनाला में हो रहा है प्रवाहित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लंबे समय से शहर के राखड़ प्रदूषित ढेंगुरनाला में छठ का पर्व मनाया जा रहा है। उक्त नाले में शहर के नाले का पानी भी इसमें समाहित हो रहा है। इसकी स्वच्छता को लेकर योजना नहीं बनने के कारण प्रतिवर्ष राखड़ प्रदूषित पानी में पर्व मनाने की मजबूरी हो शहरवासियों की हो जाती है। हाथ में जब भी पानी लिया जाता है उसमें राखड़ कैमिकल नजर आता है।

सूर्य उपासना का पर्व छठ नदी और तालाबों में मनाया जाता है। इस पर्व पर डूबते और उदित सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। शहर में भी बड़े उत्साह के साथ यह पर्व मनाया जाता है। एक बड़ी आबादी बालको ढेंगुरनाला में पिछले लंबे समय से छठ का पर्व मनाते आ रही है किंतु बदलते दौर के साथ अब इस नाले का पानी राखड़ से प्रदूषित हो चुका है। राखड़ बहने के कारण ढेंगुरनाला के पानी का रंग पूरी तरह से काला हो चुका है। इसके साथ ही आईटीआई और शहर के आबादी क्षेत्र के पानी भी इसमें प्रवाहित हो रहा है। स्वच्छता को लेकर हमेशा बात होती रही है किंतु छठ पर्व के दिन भी नाले का पानी साफ नहीं रहा। राखड़ बहने का दौर लगातार जारी है इसके अलावा संयंत्र से निकलने वाला कैमिकल भी इसमें नजर आता है। छठ मनाने वालों का कहना है कि छठ का पर्व नदी नालों के घाटों में ही मनाया जाता है और उनके पानी से ही सूर्य को अर्ध्य दिया जाता है। इसलिए ढेंगुरनाला में पिछले लंबे समय से इस परंपरा का पालन हो रहा है। हालांकि नाले का पानी राखड़ से प्रदूषित जरुर है लेकिन पर्व मनाने की उनकी मजबूरी है।

**फाइल देखकर बता सकेंगे**

आईटीआई बालको मार्ग में ढेंगुरनाला में राखड़ के प्रदूषण से जल्द प्रदूषण की क्या स्थिति है किस स्तर का है वह फाइल देखकर ही बता सकेंगे।

**-प्रमेंद्र पांडेय,** जिला पर्यावरण अधिकारी

**पानी रोकने के लिए एक हिस्से को बांधा गया**

ढेंगुरनाला में पानी कम होने के कारण पर्व मनाने के लिए दिक्कते खड़ी होती थी। जिसके लिए इस वर्ष ढेंगुरनाला पुल के नीचे के एक हिस्से में को बालू और मिट्टी से बांधा गया है ताकि पानी को रोका जा सके। इससे ढेंगुरनाला का जल स्तर पहले की तुलना में बढ़ा है और एक छोटे हिस्से से पानी का प्रवाह हो रहा है। पर्व मनाने के लिए इस बार पानी का स्तर ज्यादा रहेगा।



## टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पीजी कालेज दोनों वर्गों में विजेता



विजेता प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय इ.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय 24 अक्टूबर को प्राचार्य डॉ एल.एल. कंवर के मुख्य अतिथ्य टी व्ही नर्सिम्हम भूतपूर्व विश्वविद्यालयीन खिलाड़ी के आधित्य में परिक्षेत्र स्तरीय टेबल टेनिस पुरुष / महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शासकीय इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा, शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा, शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार, श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा की टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में शासकीय इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा ने शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार को 03-01 से हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। महिला वर्ग में शासकीय इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा ने श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा को 02-01 से हराकर विजेता बनी। प्रतियोगिता में निर्णायक नीरज दिष्ट एवं सुश्री संगीता यादव थे। इस अवसर पर महाविद्यालय कीड़ा समिति के सदस्य डॉ संदीप शुक्ला, सुशील गुप्ता, शुभम ढोरिया, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. डी. व्ही. के. नायडू, बलराम कुर्रे, सुशील कुमार अग्रवाल, रितेश यादव, रजत बैस एवं कीड़ाधिकारी रविन्द्र धुन, कु. अनिमा तिर्की, कु. राजकुमारी मरकाम, कु, गौरी वानखेड़े, कीड़ा सहायक साहनी चौहान, वरिष्ठ खिलाडी शंकर सुमन गोपा, विशाल विश्वकर्मा उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी प्रतियोगिता के संगठन सचिव एवं कीड़ाधिकारी डॉ. बोगी शंकर राव के द्वारा दिया गया।

**खास बात**

- हरदीबाजार व अग्रसेन कॉलेज की टीम रही उपविजेता

## कथा के चौथे दिन वामन अवतार की कथा सुनने उमड़ी श्रोताओं की भीड़





इनसेट में कथावाचक व श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

रामायण जायसवाल एवं जायसवाल परिवार कटघोरा के द्वारा अग्रसेन भवन कटघोरा के प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस में आचार्य टंकेश दुबे महाराज ने श्रोताओं को कथा का रसपान कराते हुए बताया कि सतयुग में दैत्यराज बलि हुए थे जो विष्णु भक्त भगवान प्रह्लाद के पौत्र थे। राजा बलि ने अपने पराक्रम और बल से स्वर्ग पर अधिकार कर लिया था जिस कारण से सभी देवी-देवताओं में हडकंप मच गया था। तब सभी राजा बलि से रक्षा करने के लिए सभी देवता भगवान विष्णु की शरण में गए तब सभी देवी देवताओं ने भगवान विष्णु को राजा बलि के द्वारा किये गए स्वर्गलोक में अपने अधिकार की बात भगवान विष्णु को बताते हैं यह सुन भगवान विष्णु सभी देवी-देवताओं को उनकी रक्षा करने का वचन देते हुए कहा कि मैं देवमाता अदिति के यहां वामन देव के रूप में जन्म लूंगा। एक बार की बात है राजा बलि सभी साधु संतों की उपस्थिति में नर्मदा नदी के किनारे यज्ञ करने की तैयारी कर रहे थे तब भगवान विष्णु वामन रूप में लेकर यज्ञ स्थल के बाहर पहुंचते हैं व शिष्य के माध्यम से अपना संदेश राजा बलि के पास भिजवाते है तब राजा के द्वारा उस वामन रूपी ब्राम्हण को यज्ञ स्थल पर बुलवाते है आने पर वामनदेव को ब्राह्मण रूप में देखकर राजा बलि के द्वारा उनका आदर-सत्कार और स्वागत किया जाता है व दान में कुछ मांगने को कहते है तब वामन देव राजा बलि से कहते हैं कि हे राजन मुझे कुछ नही चाहिए क्योंकि मुझे जो चाहिए वह आप दे नही सकते यह सुन राजा बलि क्रोधित हो जाते हैं व कहते हैं कि महात्मन आप हमारा अपमान कर रहे हैं आप मांगकर देखिए हम सब कुछ दे सकते हैं। तब यह सुन वामन देव ने राजा बलि से हांथ में जल लेकर दान देने की प्रतिज्ञा लेने को कहते हैं प्रतिज्ञा लेने पर वामन देव के द्वारा राजा बलि से तीन पग भूमि देने का आग्रह किया। यह सुन राजा बलि हंसते हुए कहते हैं कि हे महात्मन आप और कुछ भी मांग लीजिए गांव,गाय,सोना,चांदी हीरे मोती कुछ भी मांगो हम जब दे सकते हैं तब भगवान वामन कहते हैं कि नही राजा बलि यह सब मेरे किसी काम का नही है अगर देना ही है तो मुझे केवल तीन पग जमीन देने का संकल्प लो राजा बलि ने सोचा बालक ब्राह्मण के तीन पग होते ही कितने हैं। उन्होंने सोचा कि मैं तीनों लोकों का स्वामी हूं और मेरे लिए तीन पग भूमि कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन यज्ञ स्थल पर दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य भी मौजूद थे। वे वामन देव के रूप को जान चुके थे कि ये भगवान विष्णु ब्राह्मण के वेश में हैं। दैत्य गुरु शुक्राचार्य राजा बलि को ऐसा वचन देने से मना कर रहे थे। लेकिन गुरु की सलाह को नजरअंदाज करते हुए राजा बलि ने वामन देव को तीन पग भूमि देने का वचन दे दिया। तब गुरु शुक्राचार्य अपना अपमान होते देख राजा बलि को बताते हैं कि हे बलि ये वामन रूप में विष्णु है जो तुम्हारा सब कुछ छिनने आया है तुम कंगाल हो जाओगे तब राजा बलि कहते हैं कि मुझे कोई परवाह नही यह तो मेरा सौभाग्य है कि स्वयं भगवान विष्णु मेरे द्वार पर आए हैं तब राजा बलि भगवान वामन से तीन पग नापने के लिए कहते हैं तब वामन देव ने अपने शरीर को विराट रूप देते हुए अपने पहले पग से पृथ्वी और दूसरे पग से आकाश को नाप लिया अब भगवान वामन राजा बलि से कहते हैं कि हे राजन मैने 2 पग में पृथ्वी व आकाश को नाप लिया है अब तीसरा पग कहा रखु तब राजा बलि ने कहा कि हे वामन देव आप तीसरा पग मेरे सिर पर रख सकते हैं। जब भगवान विष्णु जो कि वामन अवतार में उन्होंने जैसे ही तीसरा पग बलि के सिर पर रखा वह पाताल लोक चला गया। यह देख भगवान विष्णु ने राजा बलि को पाताल लोक का राजा घोषित कर दिया परिवार वालो के द्वारा भगवान वामन की खूबसूरत झांकी भी निकाली गई। इस सुंदर कथा को प्रतिदिन घनश्याम दुबे के द्वारा संगीत मय दिया गया जो कि और भी इस कथा को अलौकिक कर दिया इस अवसर पर उपस्थित सभी नगरवासियों ने कथा का रसपान किया।

**खास बात**

- अग्रसेन भवन कटघोरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

## कोरबा बंग समाज ने मनाया विजया सम्मेलन एवं आनंद उत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में शामिल बंग समाज के पदाधिकारी व अन्य।

कोरबा बंग समाज द्वारा अपना विजया सम्मेलन का कार्यक्रम आनंद उत्सव एसईसीएल कालीबाड़ी के प्रांगण में शुक्रवार को संपन्न कराया। कार्यक्रम की शुरुआत कोरबा बंग समाज के पदाधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित और मां सरस्वती के तेल्य चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। आनंद उत्सव के इस कार्यक्रम में कोरबा बंग समाज के प्रतिभावान कलाकारों द्वारा गायन एवं नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति दी गई। जिसमें छोटे एवं बड़े सभी कलाकारों ने भाग लिया। संपूर्ण बांग्ला भाषा में आयोजित कार्यक्रम में संगीत और नृत्य की अनूठी प्रस्तुति दी गई। कोरबा बंग समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य भी यही है कि आने वाली पीढ़ी अपनी बांग्ला मातृभाषा और संस्कृति को धरोहर के रूप में आगे बढ़ाएं। कोरबा बंग समाज के विजया सम्मेलन के इस वर्ष आनंद उत्सव में नन्हे कलाकारों के नृत्य और नए-नए प्रतिभावान संगीतकारों ने दर्शकों का मनमोह लिया साथ ही समाज को एक संदेश भी दे गया कि आज भी हम अपनी बांग्ला मातृभाषा और संस्कृति को सुंदर ढंग से संजोय हुए हैं और इस पर कोरबा बंग समाज गौरांवित महसूस कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर माता-पिता के साथ मंच पर सम्मानित कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## विधायक डॉ जांगड़े का कटघोरा में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष के कोरबा जिला के प्रथम आगमन पर हॉस्पिटल चौक कटघोरा में आतिशबाजी और बैंडबाजा से स्वागत किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं अनुसूचित जाति के कार्यकर्ताओं ने 85 किलो लड्डू से तौला गया। इस मौके पर डॉ सनम जांगड़े ने कहा कि यहां के कार्यकर्ताओं की उत्साह बहुत है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद कोरबा जिला के प्रथम आगमन पर श्री जांगड़े का जगह-जगह स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं के द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार महतारी वंदन से गरीब किसानों का ख्याल रख रही है। इस दौरान कुंती, जेपी कोसले, मनीराम जांगड़े, नरेश कुमार, राजेश्वर भार्गव, राम चंद्र पाटले, केपी कोसले, टंकेश्वर, टीकम पाल, मनोज नायडू, अमित जायसवाल, डाकेस्वर शुक्ला, पवन बहारन जात्रा, भूपेंद्र कुमार, अशोक उपस्थित रहे।

## गेवरा प्रीमियर लीग सीजन 5 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रतियोगिता में ट्राफी हासिल करते विजयी प्रतिभागी।

ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच 24 अक्टूबर को यंग राइजिंग स्टार एवं प्रगति लायंस के बीच खेला गया। जिसमें यंग राइजिंग स्टार ने प्रगति लायंस को 7 विकेट से हराकर गेवरा प्रीमियर 7 विकेट लीग के विजेता कप पर कब्जा किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि गेवरा क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक अरुण त्यागी थे। अध्यक्षता उप मुख्य कार्मिक प्रबंधक अजय बेहरा ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसके सिंह महाप्रबंधक विद्युत एवं यांत्रिकी गेवरा क्षेत्र, महिला मंडल की श्रीमती साहू, जेसीसी सदस्य मदन सिंह, अजय सिंह, जनाराम कर्ष, देमंत मिश्रा, क्रिकेट संघ के सचिव अखिलेश मनी तिवारी, इंडस पुब्लिक स्कूल के प्राचार्य संजय गुप्ता एवं शा.पूर्व. मा. शाला विजय नगर के प्रधान पाठक सर्वेश सोनी, उपनिरीक्षक खगेश राठौर, जितेश सिंह उपस्थित थे। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अरुण त्यागी ने कहा कि गेवरा क्षेत्र में इस शानदार आयोजन के लिए आयोजन समिति बधाई की पात्र हैं युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा ने मुझे प्रभावित किया है मुझे आशा है यहाँ से निकले खिलाड़ी क्रिकेट जगत में उच्च उपलब्धियों को प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। समापन समारोह में किड्स फैशन शो एवं चित्रलेखा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। आईपीएस छात्राओं ने लोक गीत पर आधारित मोहक प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में अतुल चौहान ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब हासिल किया। जिन्होंने पूरे प्रतियोगिता में 20विकेट लिए और 200 रन बनाये। वही पीयूष सिंह बेस्ट विकेट कीपर, बेस्ट बॉलर अतुल चौहान और पुष्पराज सिदार बेस्ट फील्डर चुने गए। प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये नगद एवं कप द्वितीय पुरस्कार 71 हजार रुपये नगद एवं कप विजेता और उपविजेता टीम को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष सिंह और आभार तनवीर अहमद ने किया। प्रतियोगिता युवा उधमी एवं व्यवसायी स्व. अमन बाजवा को समर्पित किया गया। समापन समारोह के प्रारंभ में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने स्व अमन बाजवा के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/ अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पोंड़ी उपरोड़ा, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

**क्रमांक/2166/अविअ/वाचक/2025**
**पोंडी उपरोड़ा दिनांक 24/10/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती प्रीति अग्रवाल पति राजीव अग्रवाल निवासी कटघोरा तहसील कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम तानाखार प.ह.न. 46 स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 410/17 रकबा 0.040 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 10/11/2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 24/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थानः-पोंडी उपरोडा
दिनांकः- 24/10/2025

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पोंड़ी उपरोड़ा, जिला-कोरबा (छ0ग0)**





कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय, बहंगी लचकत जाय, होई ना देवर जी कहरिया, बहंगी घाटे पहुंचाय,
बहंगी घाटे पहुंचाय, ऊंहवे जे बारि छठि मैया, बहंगी के उनके के जाय, बहंगी उनका के जाय




सूर्य उपासना का महापर्व छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री गुप्तेश्वर सिंह
अमरजीत सिंह




जिलेवासियों को सूर्य उपासना के महापर्व
छठ पूजा पर हार्दिक शुभकामनाएं...
गंगासागर पाठक
सिविल कांट्रेक्टर
राजेश पाठक
पाठक हार्डवेयर एवं सेनेटरी रिस्दी चौक, मो. 8085553390




समस्त जिलेवासियों को
छठ महापर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं...
आर.ए. पाण्डेय
केन्द्रीय अध्यक्ष-पूर्वांचल विकास समिति, जिला-कोरबा




जिलेवासियों को
सूर्य उपासना
के महापर्व
छठ पूजा की
हार्दिक शुभकामनाएं...
राजेन्द्र सिंह
कोल ट्रांसपोर्टर
आकाश सिंह
युवा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़
अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट
आकाश सिंह ट्रांसपोर्ट, दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)




समस्त जिलेवासियों को
छठमहापर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
ठाकुर अवधेश सिंह
अध्यक्ष
अरविंद शर्मा
महासचिव
बी.एन. सिंह
प्रदेश सचिव
संरक्षक
मा. श्री राजकिशोर प्रसाद जी
पूर्व महापौर - नपानि, कोरबा
विनीतः-कोरबा पूर्वांचल सर्वसमाज विकास समिति कोरबा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### छठ पर्व के दिन श्रद्धा और सादगी से हुआ खरना आयोजन

**कोरबा।** सूर्य उपासना के महापर्व छठ के दिन खरना का आयोजन वरिष्ठ कांग्रेस नेता विकास सिंह के निवास पर सादगी और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, पूर्व महापौर राज किशोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी, बंटी शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रसाद ग्रहण कर छठ माता से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान छठ पर्व की परंपराओं के अनुरूप विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

### विधायक और जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने विकास कार्यों के लिए दी आर्थिक सहायता



**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत मुड़ापार में सरपंच श्रीमती सिल्की कुंवर सिंह राज की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल एवं क्षेत्र क्रमांक 5, जनपद सदस्य भुवनेश्वर सिंह टेकाम की उपस्थिति में सद्भावना कार्यक्रम व आंगनबाड़ी एवं पीडीएस भवन का भूमिपूजन किया गया। साथ ही साथ मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक के द्वारा सामुदायिक भवन, महामाया मंदिर प्रांगण में शेड निर्माण, स्वेच्छा अनुदान से 10 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान किया गया। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल के द्वारा भी महामाया मंदिर के लिए नगद 5 हजार रुपए पानी टैंकर की सुविधा जैसे कई सौगातें दिया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के साथ साथ मंच संचालन सरपंच पति कुंवर सिंह राज, उप सरपंच डा. बुंदराम धीवर, समस्त पंच, दुर्गेश कुमार कश्यप, अमरनाथ, विरेन्द्र तंवर मौजूद रहे।

### जंगली सुअर का शिकार पांच हिरासत में



**कोरबा।** कोरबा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले करतला वन परिक्षेत्र में जंगली सुअर का शिकार का मामला ग्राम संडैल में सामने आया है। मुखबीर की सूचना वन विभाग की टीम ने ग्राम संडैल में छापामारी की कार्यवाही की है। जहां पुलिस ने कुछ ग्रामीणों को हिरासत में लिया है। एसडीओ एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबीर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मौके से जंगली सुअर का मांस भी जब्त किया गया है। सोमवार को मामले का विधिवत खुलासा किया जाएगा।

## घर से घाट तक छठ महापर्व की दिख रही रौनक

# खरना के साथ शुरु हुआ 36 घंटे का उपवास, डूबते सूरज को आज देंगे अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सूर्य उपासन के पर्व छठ की शुरुआत रविवार को खरना के साथ हुई थी और इसके साथ ही 36 घंटे का छठ पर्व का उपवास शुरु हो जाता है। सोमवार को डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य घाटों में दिया जाएगा। मंगलवार को उदित होते सूर्य को दूसरा अर्घ्य देने के साथ चार दिन तक चलने वाले पर्व का समापन होगा।

**खास बात**

- शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में तैयार किए गए छठ घाट

सूर्य उपासना का पर्व छठ की शुरुआत शनिवार को नहाय खाय के साथ हुई थी और रविवार को घर में खरना की पूजा की गई। इस दौरान व्रती महिलाओं के द्वारा खीर बनाकर प्रसाद के रुप में वितरण किया गया और इसके साथ ही 36 घंटे का उपवास भी शुरु कर दिया गया है। सोमवार को डूबते हुए सूरज को इस महापर्व का पहला अर्घ्य दिया जाएगा। जिसके लिए शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के लिए छठ घाटों में व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। शहर के ढेंगुरनाला, हसदेव नदी तट के साथ बालको गेवरा दीपका में भी छठ घाटों को सजा दिया गया है। कई छठ घाटों में टेंट लगाया गया है और रात्रि जागरण की भी व्यवस्था की गई है। घर से लेकर छठ घाट तक छठ महापर्व की रौनक नजर आ रही है। यह पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष को की चतुर्दशी से शुरू होकर सप्तमी तिथि तक चलता है। कार्तिक माह में मनाया जाने वाले छठ का अपना विशेष महत्व है। कार्तिक के छठ पूजा को लेकर व्रतियों की संख्या ज्यादा रहती है। जिले में उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के लोग निवास करते हैं। इस पर्व से उनका विशेष लगाव है ऊर्जाधानी में रहने वाले पूर्वांचल के लोग व्रत की तैयारी को लेकर जुटे हुए हैं। व्रती और उनके परिवार ने सोमवार को पूजा के लिए जरूरी सामानों की खरीदारी शुरु की जो अर्घ्य के पहले दिन तक जारी रहेगा। कोरबा में पूर्वांचल लोगों के साथ ही यहां निवासरत अन्य समाज के लोग भी छठ पर्व को देखने और जानने के लिए छठ घाटों में बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।



छठी मइया की पूजा करती महिलाएं।

### पहली बार घाट में चेंजिंग रुम की सुविधा

छठ पर्व के मद्देनजर नगर निगम के द्वारा शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के बड़े छठ घाट में पहली बार महिलाओं की सुविधा के लिए अस्थायी चेजिंग रुम की व्यवस्था की गई है। ढेंगुरनाला छठ घाट के साथ बालको राम मंदिर छठ घाट में चेजिंग रुम घाट के एक क्षेत्र में बनाया गया है। इसके साथ ही बीते एक पखवाड़े से साफ सफाई की व्यवस्था भी की गई है।




### आज उमड़ेगी छठ घाटों में व्रतधारियों की भीड़

नदी नालों के घाटों में आज डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रतधारियों की भीड़ उमड़ेगी। शाम होते ही व्रतधारी घर के पुरुष सिर में छठ पूजा का सामान लेकर सीधे छठ घाटों की ओर रवाना होंगे। आस्था के इस पर्व का खाली पैर सड़कों में चलना और छठ घाट पहुंचकर पानी के बीच खड़े होकर अस्त होते सूर्य को महिलाओं के द्वारा अर्घ्य दिया जाएगा। सूर्य उपासना के इस पर्व के इस परंपरा का निर्वहन उत्तर भारत क्षेत्र में बड़े व्यापक तौर पर होता है। सोमवार की शाम आस्था का विहंगम दृश्य गोधूलि बेला के समय नजर आयेगा। जब छठी मईया के गीतों के साथ नदियों के घाट गूंज उठेंगे।

## शहर व आउटर के छठ घाटों में पुलिस की रहेगी चाकचौबंद व्यवस्था



छठ घाट का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला प्रशासन द्वारा नगरवासियों को छठ पर्व पर प्रमुख छठ घाटों का सौंदर्यीकरण किया गया है। प्रशासन की पहल पर घाटों की साफ-सफाई, रंग-रोगन,वाहन पार्किंग तथा लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की गई है ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और सुगमता से पूजा-अर्चना कर सकें। जिला पुलिस ने भी नगरवासियों की सुविधा एवं सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल, यातायात बल व गोताखोर तैनात किये गये है। बड़े छठघाट में पुलिस सहायता केन्द्र की स्थापना की गई है जहां से समय समय पर सुरक्षा संबंधित निर्देश प्रसारित की जाते रहेगी। नगरवासियों से अपील की जाती है की छठ पूजा के समय नदी घाट तालाब मे गहरे पानी में ना जायें, छोटे बच्चो का ध्यान रखे, वाहन को पार्किंग स्थान मे खड़ा करें, पुजा घाट आने जाने रास्ते मे खड़ा न करें, उठाईगिरी व जेबकतरो से सावधान रहें। छठ पुजा घाट आते जाते समय यातायात व्यवस्था मे भारी वाहनो के परिचालन को ले कर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं जिसमें 27 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से शाम 8 बजे तक तथा 28 अक्टूबर को प्रातः 3 बजे से सुबह 8 बजे तक भारी वाहनों का कोरबा, बालको, दर्री, दीपका कुसमुंडा, हरदीबाजार नगर क्षेत्र में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।


### मालगाड़ी से टकरा कर लोडर ऑपरेटर की मौत

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार फर्स्ट शिफ्ट में रेलवे साइडिंग क्षेत्र में कार्यरत निजी कंपनी का एक लोडर ऑपरेटर जमुना प्रसाद विश्वकर्मा 57 वर्ष पिता रामकृपाल मालगाड़ी में कोयला लोड कर रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रेन के मूवमेंट में आने से लोडर ट्रेन से टकरा गया, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## बुधवारी में फिर से रेलिंग के बाहर सड़क पर लग रही दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवारी बाजार के पास यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नगर निगम की ओर से कई प्रयास किए गए हैं। लाखों रुपए खर्च किए गए हैं लेकिन व्यवस्था जस की तस बनी हुई है। डीएमएफ के 79 लाख रुपए की लागत से बना फुट ओवरब्रिज नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। पौनी पसारी का भी उपयोग नहीं हो पा रहा है। इससे पैसे तो बर्बाद हुए ही हैं बाजार में भी अव्यवस्था का आलम है। बुधवारी बाजार में लोगों की भीड़, पार्किंग व्यवस्था और दुर्घटना रोकने के लिए सड़क की दूसरी ओर पार्किंग स्थल बनाया गया है। बाजार से पार्किंग स्थल तक आवाजाही के लिए वर्ष 2019 में जिला खनिज न्यास मद से 79 लाख रुपए निकाला गया। इस राशि से फुटओवरब्रिज का निर्माण किया गया है। जिससे चालक अपनी चारपहिया व दोपहिया वाहनों को पार्किंग स्थल पर खड़ी करें और बाजार में सब्जी खरीदने के बाद फुटओवरब्रज से होकर आएं और पार्किंग स्थल से वाहन लेकर चले जाएं। लेकिन इसका उपयोग नहीं हो रहा है। गाड़ियां नो पार्किंग जोन में खड़ी हो रही हैं। इसके अलावा सब्जी और फल विक्रेता भी सड़क पर ठेला व पसरा लगा रहे हैं। इससे यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है। ज्यादा बुरा हाल साप्ताहिक बाजार बुधवार के दिन रहता है। सड़क पर ही लोग अपनी गाड़ियों को खड़ी कर सब्जी खरीदने के लिए बाजार चले जाते हैं। फुट ओवरब्रिज पर लोगों की आवाजाही नहीं होने से शरारती तत्वों ने इसे अड्डा बना लिया है। शाम होते ही शरारती तत्वों का जमावड़ा रहता है। शराबखोरी के बाद डिस्पोजल, खाद्य सामाग्रियों के पैकेट यहीं फेंक देते हैं।



बुधवारी के समीप रेलिंग के बाहर इस तरह सज रही दुकानें।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोरबा।** एक 38 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मामला रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत शांतिनगर निवासी रामकृष्ण यादव 38 वर्ष पिता दादूराम यादव ने घर में फांसी लगा ली थी जब परिजनों को पता चला कि रामकृष्ण यादव फांसी के फंदे में झूल गया है जिसके बाद परिजनों ने आनन फानन में उसे फंदे से नीचे उतारा और इसकी सूचना पुलिस को द दी लेकिन तब तक रामकृष्ण यादव की मौत हो चुकी थी। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है पुलिस फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### जलाराम जयंती कल, शोभायात्रा स्थगित

**कोरबा।** श्री जलाराम सेवा समिति द्वारा जलाराम मंदिर में संत श्री जलाराम बापा का जयंती उत्सव 28 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। 28 अक्टूबर को सुबह ब्रह्म मुहूर्त में जलाराम मंदिर में विराजित श्री विग्रहो का वस्त्र बदला जाएगा जिसके दाता नंदलाल भाई जेठवा परिवार है। सुबह 9.30 बजे जलाराम बापा का अभिषेक पूजन, अखंड दीप प्रागट्य किया जाएगा। शाम 5 बजे संयुक्त सभा, वार्षिक आय-व्यय की प्रस्तुति के बाद दाताओं का आभार व्यक्त किया जाएगा। शाम 6.30 बजे दैनिक पूजा-आरती पश्चात जलाराम बापा की महाआरती होगी। रात्रि 7.30 बजे से महाप्रसाद भंडारा आयोजित होगा। महाप्रसाद भंडारा के दाता पीयूष भाई नितिन भाई राठौड़ व कल्पेश भाई नितिन भाई राठौड़ (पीयूष सीट मेकर्स) होंगे। जलाराम सेवा समिति के किशोर भाई पटेल ने बताया कि समाज के दो परिवार में आकस्मिक शोक की घटना के कारण इस वर्ष जलाराम बापा की शोभायात्रा का कार्यक्रम स्थगित किया गया है।

## वनांचल क्षेत्रों के विकास के बिना संपूर्ण क्षेत्र का विकास अधूरा : फूल सिंह



ग्रामीणों से मुलाकात करते विधायक फूलसिंह।


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्षेत्र के दुर्गम इलाकों में लगातार सक्रिय रहने वाले रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया इस बार पसरखेत रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम मदनपुर, कोलगा के कटंगनाला पहुंचे। पहाड़ी रास्तों और घने जंगलों के बीच लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करते हुए वे ग्रामीणों के बीच पहुंचे और लोगों की समस्याओं को करीब से सुना। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि क्षेत्र में यदि बांध निर्माण कार्य पूरा होता है तो लगभग 200 किसानों की करीब 1600 एकड़ भूमि को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। इससे खेती में सुधार होगा और किसानों को जीवनयापन में बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने कहा कि अब तक वे वर्षा आधारित खेती पर निर्भर हैं, जिससे उन्हें हर साल नुकसान का सामना करना पड़ता है। विधायक फूल सिंह राठिया ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि बांध निर्माण की दिशा में प्रशासनिक स्तर पर पहल की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को भी इस विषय में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देने का आश्वासन दिया। विधायक फूल सिंह राठिया ने कहा कि वे लगातार अपने क्षेत्र के सबसे दूरस्थ और वनांचल इलाकों का दौरा करते रहते हैं ताकि उन जगहों की वास्तविक स्थिति का पता चल सके। उन्होंने कहा कि वनांचल क्षेत्रों के विकास के बिना संपूर्ण क्षेत्र का विकास अधूरा है। यहां के लोगों को भी मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए चाहे वह सड़क हो, बिजली, स्वास्थ्य, पानी या शिक्षा। उन्होंने यह भी कहा कि वनांचल इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों तक पहुंचना आसान नहीं है, लेकिन जब जनसेवा की भावना सच्ची होती है तो कठिन रास्ते भी आसान लगते हैं। विधायक फूल सिंह राठिया के इस दौरे को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने कहा कि उनके क्षेत्र में कोई नेता या जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद यहां तक नहीं पहुंचते। विधायक फूल सिंह राठिया का यह दौरा एक बार फिर यह साबित करता है कि वे केवल मंचों पर नहीं बल्कि जमीन पर उतरकर कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि हैं। लगातार ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाना उनकी कार्यशैली को अलग बनाता है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780




शोक संदेश



ओम नमो नारायणायः, न जायते म्रियते वा कदाचिन
अत्यंत ही दुःख का विषय है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष
श्रद्धेय स्वर्गीय बनवारी लाल अग्रवाल जी का
दिनांक 15 अक्टूर 2025 को गोलोक गमन हो गया है। जिनका जीवन हम सबके लिए
अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी है। उन्हें हम सब मिलकर श्रद्धा सुमन अर्पित करें।

बारहवाँ पगड़ी रस्म
दिनांक : 27 अक्टूबर 2025, सोमवार
समय : संध्या 4:00 बजे
स्थान : अग्रसेन भवन, कोरबा (छ.ग.)

शोकाकुल :
पुष्पा अग्रवाल (पत्नी) | महावीर अग्रवाल (भाई)
दिव्यानंद अग्रवाल (भतीजा) | परमानंद अग्रवाल (भतीजा)
हितानंद अग्रवाल (भतीजा) | विकल्प अग्रवाल (भतीजा)
मनन अग्रवाल (पौत्र) | वेदांत अग्रवाल (पौत्र)
एवं समस्त गर्ग परिवार